# हिस्टोरिकल सोसायटी रामपुर महाविद्यालय में लगाई विरासत प्रदर्शनी




गब्बर सिंह वैदिक

**लोकल न्यूज़ ऑफ़ इंडिया।** इतिहास विभाग की हिस्टोरिकल सोसायटी द्वारा 12 व 13 मार्च को पुरानी और ऐतिहासिक विरासतों की वस्तु की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें महाविद्यालय के छात्रों द्वारा अपनी पुरानी संस्कृति,इतिहास से सम्बंधित वस्तुओ के तहत महाविद्यालय रामपुर में दो दिवसीय विरासत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज बसोटिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व उनके साथ अन्य आचार्य व प्राचार्यभी उपस्थित रहे। इस दौरान छात्रों ने विरासत प्रदर्शनी से सम्बंदित वस्तुओ के बारे में बताया। इस विशेष मौके पर इतिहास के प्रोफेसर डॉ विपन शर्मा,प्रोफेसर किरन, हिस्टोरिकल सोयायटी के अध्यक्ष हेमन्त पौनल,उपाध्यक्ष सुनिधि चौहान,महासचिव नितिका बिष्ट अन्य कार्यकरिणी सदस्य व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# इतिहास विभाग द्वारा हिस्टोरिकल अवेयरनेस वीक का शुभारंभ

यशवंत पटेल




लोकल न्यूज ऑफ़ इंडिया। गोविन्द बल्लभ पंत राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में गत मंगलवार को इतिहास विभाग द्वारा हिस्टोरिकल अवेयरनेस वीक का शुभारंभ किया गया। जिसमे प्रथम दिवस पर महाविद्यालय के इतिहास मे प्रथम बार पुरातात्विक सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई । लगभग 40 विद्यार्थियो द्वारा अपनी ग्रामीण व सांस्कृतिक इतिहास को दर्शाने वाली वस्तुएं प्रस्तुत की गई। जिसमे प्रमुख रुप से शीघ्र बोध ग्रंथ , 1960 के दशक का कैमरा, मध्यकाल व आधुनिक युग के सिक्के एवं बर्तन, मध्यकाल के आभूषण इत्यादि प्रमुख थे। इन पुरातत्विक वस्तुओं का काल 16 वी व 17 वी शताब्दी का माना जाता है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पंकज ललोतिया द्वारा किया गया। प्रदर्शनी के समन्वयक डॉ विपन शर्मा व प्रोफ़ेसर किरन कुमारी द्वारा सभी विद्यार्थियो को सभी वस्तुओं के काल एवम उपयोगिता की जानकारी दी। पुरातत्वविद विशेषज्ञ डॉ विपन शर्मा द्वारा सभी विद्यार्थियो को राम दरबारी सिक्के , मध्यकालीन चांदी के आभूषण की जानकारी सांझा की गई। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा इतिहास विभाग के सभी विद्यार्थियो द्वारा शुरू की गई इस नई मुहीम की सराहना की।




# रामपुर कॉलेज में 16वीं शताब्दी के सिक्के, आभूषण

## महाविद्यालय के इतिहास में पहली बार पुरातात्विक सामग्री की लगाई गई प्रदर्शनी

हिमाचल दस्तक ▮ रामपुर बुशहर

**गोविंद** बल्लभपंत राजकीय महाविद्यालय रामपुर में इतिहास विभाग द्वारा हिस्टोरिकल अवेयरनेस वीक का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम दिवस पर महाविद्यालय के इतिहास में प्रथम बार पुरातात्विक सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई।

इस प्रदर्शनी में लगभग 40 विद्यार्थियों द्वारा अपनी ग्रामीण व सांस्कृतिक इतिहास को दर्शाने वाली वस्तुएं प्रस्तुत की गईं। इसमें प्रमुख रूप से शीघ्र बोध ग्रंथ, 1960 के दशक का कैमरा, मध्यकाल व आधुनिक युग के सिक्के एवं बर्तन, मध्यकाल के आभूषण इत्यादि प्रमुख रूप से प्रदर्शित किए गए। इन पुरातात्विक वस्तुओं का काल 16वीं व 17वीं शताब्दी का माना जाता है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज बसोतिया द्वारा किया गया।

प्रदर्शनी के समन्वयक डॉ. विपन शर्मा व प्रो. किरन कुमारी द्वारा सभी विद्यार्थियों को सभी वस्तुओं के काल एवं उपयोगिता की जानकारी दी। पुरातत्वविद विशेषज्ञ डॉ. विपन शर्मा द्वारा सभी विद्यार्थियों को राम दरबारी सिक्के, मध्यकालीन चांदी के आभूषण की जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर डॉ विद्या बंधु नेगी, प्रो. राजेश नेगी, डॉ. जीवन मसोई, डॉ. गोपी चंद इत्यादि उपस्थित रहे।


### प्रचार्या ने मुहिम की सराहना की

**महाविद्यालय** प्राचार्य द्वारा इतिहास विभाग के सभी विद्यार्थियों द्वारा शुरू की गई इस नई मुहिम की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम आधुनिकता की तरफ लगातार आगे बढ़ रहे हैं उसी तरह से हमें अपने इतिहास को भी संजोकर रखना है। उन्होंने कहा कि इतिहास में बहुत सी ऐसी जानकारी छुपी हुई है जो हमारे भविष्य को सुरक्षित रख सकती है। खासकर पुराने जमाने में हमारा खाना-पान व पहनावा हमें स्वस्थ रखने में अभी भी सहायक साबित हो सकता है।

### भविष्य में भी लगती रहनी चाहिए ऐसी प्रदर्शनी

**प्राचार्य** ने इतिहास विषय के शिक्षकों की सराहना की कि इस तरह की प्रदर्शनी भविष्य में भी लगती रहनी चाहिए, ताकि बच्चों में केवल किताबी बातें ही समझ न आएं बल्कि उन्हें खुद मालूम हो कि इतिहास की असल सच्चाई क्या है।


TWO DAY'S WORKSHOP ON
" BRAHMI SCRIPT "
From 15th To 16th March 2024
VENUE- LH 35
TIME: 11:00 AM TO 02:00 PM
Resource Person:-
DEPARTMENT OF HISTORY
Dr. Vipan Sharma
Asst. Professor
ORGANIZED BY: HISTORICAL SOCIETY
G.B. PANT MEMORIAL GOVT. COLLEGE RAMPUR BSR.


TWO DAY'S WORKSHOP ON
" BRAHMI SCRIPT "
From 15th To 16th March 2024
VENUE- LH 35
TIME: 11:00 AM TO 02:00 PM
Resource Person:-
DEPARTMENT OF HISTORY
Dr. Vipan Sharma
Asst. Professor
ORGANIZED BY: HISTORICAL SOCIETY
G.B. PANT MEMORIAL GOVT. COLLEGE RAMPUR BSR.
Mauryan Brahmi


G.B. PANT MEMORIAL GOVT. COLLEGE
RAMPUR BUSHAHR (H.P.)
HISTORICAL SOCIETY
DEPARTMENT OF HISTORY
TWO DAY'S WORKSHOP ON
" BRAHMI SCRIPT "
From 15th To 16th March 2024
VENUE- LH 35 TIME: 11:00 AM TO 02:00 PM
Resource Person:-
DEPARTMENT OF HISTORY
ORGANIZED BY: HISTORICAL SOCIETY
G.B. PANT MEMORIAL GOVT. COLLEGE RAMPUR BSR.

# छात्रों ने ब्राह्मी लिपि पर बढ़ाया ज्ञान

## रामपुर कॉलेज में हिस्टोरिकल सोसायटी के विरासत जागरूकता सप्ताह का समापन

हिमाचल दस्तक ■ रामपुर बुशहर

**गोविंद** बल्लभपंत महाविद्यालय रामपुर में इतिहास विभाग की हिस्टोरिकल सोसायटी द्वारा आयोजित विरासत जागरूकता सप्ताह के तीसरे चरण का शनिवार को अंतिम दिन रहा। इस समापन समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज बसोतिया ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। सबसे पहले इतिहास विभाग के प्राध्यापकों द्वारा मुख्यअतिथि का स्वागत किया गया। इसके बाद बीज वक्ता डॉ. विपन शर्मा ने कल की शृंखला को जारी रखते हुए ब्राह्मी लिपि की मात्राओं एवं संख्याओं को सिखाया। इन्हें देवनागरी लिपि के साथ जोड़कर आसान तरीके से सिखाया गया। छात्रों ने यह सब सीखकर कुछ छोटे शब्द जैसे नाम, जन्म की तारीख लिखकर व्यावहारिक रूप से ब्राह्मी लिपि को आजमाया।

अंतिम चरण में बीज वक्ता द्वारा अशोक के अभिलेखों का छात्रों को पाठन करवाया। इसमें अशोक के गिरनार शिलालेख और लौरिया नंदनगढ़ के स्तंभलेख में उत्कीर्ण शब्दों का व्यावहारिक पाठन करवाया गया। सभी छात्रों के लिए यह पहला अनुभव था कि ये दो हजार से भी प्राचीन लिपि को पढ़ पा रहे थे। कार्यशाला के समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज बसोतिया ने छात्रों को इतिहास की विविधता एवं पुरातत्व के वैज्ञानिक विषय के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. राजेश नेगी एवं प्रो. किरण उपस्थित रहे।

■ देवनागरी लिपि से जोड़कर सिखाईं मात्राएं और संख्याएं

■ विभिन्न गतिविधियों में विजेता छात्रों को किया पुरस्कृत




### इतिहास में ज्ञान का अथाह समंदर छिपा है : बिसोतिया

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज बसोतिया ने कहा कि हमारे इतिहास में ज्ञान का अथाह समंदर छिपा हुआ है, जिसे पढ़ पाना हर एक युवा को आनंदित करता है। भले ही हम 21वीं शताब्दी में आ गए हों, लेकिन ऐतिहासिक चीजें आज भी पूरी तरह से जीवंत हैं। इस मौके पर विभिन्न गतिविधियों में विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लि.
(राज्य सरकार का उपक्रम)
अल्पनिविदा सूचना (केवल ई-निविदाकरण विधि)
निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु निर्दिष्ट प्रपत्र (निविदा दस्तावेज) पर ऑनलाईन निविदाएं (दो भाग बोलियां) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा बिक्री, प्राप्ति व खोलने की तिथियां निम्न प्रदान किए गए अनुसार हैं। विस्तृत निविदा सूचना वेबसाईट https://hptenders.gov.in से डाउनलोड भी की जा

# महाविद्यालय रामपुर में विद्यार्थियों ने जानी ब्राह्मी लिपि

रामपुर बुशहर। राजकीय महाविद्यालय रामपुर में हिस्टोरिकल सोसायटी ने शुक्रवार को दो दिवसीय मौर्य कालीन ब्राह्मी लिपि पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में डॉ. विपन शर्मा विद्यार्थियों को ब्राह्मी लिपि के बारे में बताया।

इस कार्यशाला में महाविद्यालय के 350 छात्र और छात्राओं ने पंजीकरण किया है। प्रो. किरण कुमारी ने कहा कि इतनी संख्या में छात्रों का कार्यशाला से जुड़ना सराहनीय है, क्योंकि ज्यादातर कार्यशालाओं में सौ से दो सौ तक लोग ही भाग लेते है। बीज वक्ता डॉ विपन शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र बड़ी संख्या में भाग लेते हैं, लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी अकादमिक कार्यक्रम में जोश देखने को मिल रहा है। संवाद

# रामपुर कॉलेज में ऐतिहासिक सामग्री की प्रदर्शनी

हिमाचल दस्तक ▮ रामपुर बुशहर

▮ दांडी मार्च के उपलक्ष्य में 19वीं शताब्दी की चीजें बनी आकर्षण का केंद्र




**गोविंद** बल्लवभपंत महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा ऐतिहासिक दांडी मार्च के उपलक्ष्य पर अयोजित की गए विरासत जागरूकता सप्ताह (12 मार्च से 16 मार्च 2024) के उपलक्ष्य पर प्रथम चरण में दो दिवसीय ऐतिहासिक सामग्री की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज बसोतिया विशेष रूप से मौजूद रहे।

महाविद्यालय के इतिहास में पहली बार ऐसी किसी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें 80 से अधिक छात्रों ने अपनी ग्रामीण व सांस्कृतिक इतिहास की अभिव्यक्ति करनी वाली वस्तुओं को प्रस्तुत कर इस प्रदर्शनी में भाग लेकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की, जिसमें मुख्य रूप से रियासतकालीन वस्तुएं, मध्यकालीन सिक्के (चांदी, कांसे, पीतल धातु से निर्मित), बर्तन, एक एवं आधे सेर के बाट, 1960 के दशक का तराजू, 1960, 70 व 80 के दशक का कैमरा, दूरभाष, ऊन कातने के परंपरागत यंत्र, 19वीं शताब्दी की लाठी, बटलोई, ताम्सु, बड्डू, चांदी के हार जिसमें जार्ज पंचम व अन्य ऐतिहासिक जानकारी अंकित थी। पुरातत्व विशेषज्ञ डॉ. विपन शर्मा द्वारा सभी विद्यार्थियों को इन वस्तुओं की उपयोगिता व ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला गया। वहीं हिस्टोरिकल सोसायटी के अध्यक्ष व पुरातत्विक विशेषज्ञ डॉ. विपन शर्मा का कहना है कि इस विरासत जागरूकता सप्ताह के दूसरे चरण में प्राचीन भारतीय इतिहास के विषय पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज बसोतिया ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि जिस प्रकार की कार्यशालाएं, प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनी का आयोजन बड़े (विख्यात) विश्वविद्यालय में किया जाता था अब ऐसी गतिविधियों का आयोजन रामपुर महाविद्यालय में किया जा रहा है। सभी विद्यार्थियों व शिक्षक वर्ग के लिए यह हर्ष का विषय है।